such stamps are accordingly treated in India as unpaid or underpaid as the case may be. Such articles will be delivered to the addressees in India after recovering from them the prescribed penalty for unpaid or insufficiently paid articles as the case may be. The senders in Southern Rhodesia are thus not put to any hardship.

दिल्ली दुग्ध योजना के विक्रय केन्द्र में प्राप्त होने वाले दूध की न्यूनतम तथा अधिकतम मात्रा

3454. **श्री रणजीत सिंह :**
श्री शारदा नन्द :
श्री सूरज भान :
श्री बृज भूषण लाल :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली दुग्ध योजना विक्रय केन्द्र में नित्य प्रति प्राप्त होने वाले दूध की निम्नतम तथा अधिकतम मात्रा कितनी है ; और

(ख) दूध को विक्रय केन्द्र तक किस प्रकार पहुँचाया जाता है और इसकी सुरक्षा के लिए क्या व्यवस्थाएं की गई हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहेब शिन्दे) : दिल्ली दुग्ध योजना के दुग्ध केन्द्रों से टोकनधारियों को सीधे ही दूध की 120 से 1,500 तक बोतलें विक्रय की जाती हैं। 2,160 बोतलों की अधिकतम मात्रा सामूहिक रूप से दुग्ध विक्रय करने वाले केन्द्रों में विक्रय की जा रही हैं।

(ख) दिल्ली दुग्ध योजना की केन्द्रीय डेरी से दूध की बोतलें क्रेटों में विसंवाहित दुग्ध गाड़ियों द्वारा विभिन्न दुग्ध केन्द्रों तक प्रातः तथा अपराह्न में ले जाई जाती हैं। दुग्ध केन्द्र के ताले की चाबी दुग्ध-गाड़ी चालक तथा सीनियर डिपो एजेन्ट दोनों के पास होती है। दुग्ध सुपुर्दगी के पश्चात् दुग्ध-गाड़ी चालक दुग्ध केन्द्र को ताला लगा देता है।

दिल्ली दुग्ध योजना द्वारा अपने कर्मचारियों को अग्रिम धन की अदायगी

3455. **श्री रणजीत सिंह :**
श्री शारदा नन्द :
श्री सूरज भान :
श्री बृज भूषण लाल :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली दुग्ध योजना में कर्मचारियों को अग्रिम धन की अदायगी के सम्बन्ध में क्या नियम हैं ;

(ख) गत तीन वर्षों में उन अधिकारियों के नाम क्या हैं जिन्हें 1500 रुपये से अधिक अग्रिम धन राशि दी गई है ; और

(ग) अग्रिम धन के रूप में अदा की गई धनराशि, अभी तक वसूल की गई धनराशि, प्रत्येक मामले में बकाया धनराशि और सरकार द्वारा बकाया धनराशि को ब्याज सहित वसूल करने के ढंग का ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहेब शिन्दे) : (क) दिल्ली दुग्ध योजना के कर्मचारियों को अग्रिम धनराशि की अदायगी के नियम, अर्थात् भवन निर्माण अग्रिम धनराशि नियम, सामान्य भविष्य निधि नियम तथा वाहन को खरीदने के लिये अग्रिम धनराशि की स्वीकृति के नियम, वैसे ही नियम हैं, जोकि केन्द्रीय सरकार के अन्य कर्मचारियों पर लागू होते हैं।

(ख) तथा (ग) दिल्ली दुग्ध योजना के जिन अधिकारियों को भवन निर्माण अग्रिम धनराशियां तथा सामान्य भविष्य निधि अग्रिम